दिनांक : 16.11.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रधानमंत्री–समिट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि सोशल मीडिया के इस युग में जहां गलत सूचना और दुष्प्रचार का बोलबाला है, वहीं सरकार अपने संकल्प के साथ मजबूती के साथ खडी है। एक निजी मीडिया संगठन द्वारा आयोजित लीडरशिप समिट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार वोट–बैंक की राजनीति से दूर है और लोगों के लिए, लोगों द्वारा प्रगति के मंत्र के साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि सरकार का लक्ष्य देश को एक विकसित राष्ट्र बनाना है और लोगों ने इसी विश्वास के साथ हमें यह जिम्मेदारी सौंपी है।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस

आज देशभर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। समाज में स्वतंत्र और उत्तरदायी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में हर वर्ष 16 नवम्बर को प्रेस दिवस मनाया जाता है। 1966 में आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने काम करना शुरु किया था। परिषद यह सुनिश्चित करती है कि प्रेस उच्च मानकों को बनाए रखे और किसी धमकी और प्रभाव के आगे नहीं झुके। यह दिवस न केवल प्रेस की उपलब्धियों को दर्शाता है बल्कि पारदर्शी और शिक्षित समाज के निर्माण में इसके उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर मीडियाकर्मियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में आपकी भूमिका सजग प्रहरी की है।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज भोपाल में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री लगभग शाम 5 बजे नीलबड़ स्थित ब्रह्मकुमारीज मेडिटेशन सेंटर में वैश्विक शिखर सम्मेलन

में शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव शाम पौने सात बजे न्यू दशहरा मैदान टी टी नगर भोपाल उत्सव मेला 2024 का शुभारंभ करेंगे।

स्वास्थ्य शिविर

प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर तरीके से पहुंचाने की मंशा को साकार रूप देने के लिये वृहद स्तरीय स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत इंदौर संभाग के दूरस्थ क्षेत्रों में खरगोन जिले के ग्रामीण आदिवासी अंचल झिरन्या में आज एकलव्य स्कूल प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हो रहा है। इस शिविर में ग्रामीण इलाके के मरीजों को जांच एवं दवाइयों के साथ गंभीर बीमारियों पर निःशुल्क परामर्श भी प्रदान किया जा रहा हैं।

मौसम

प्रदेश में ठंड का असर तेज होने लगा है, वहीं अब कोहरा भी छा रहा है। आज सुबह ग्वालियर, भिंड और निवाड़ी में मध्यम कोहरे का असर देखने को मिला। मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर–चंबल में ठंड बढ़ने का अनुमान जताया है। यहां रात का तापमान 2 डिग्री तक लुढ़क सकता है। ऐसा मौसम 20 नवंबर तक बना रहेगा। भोपाल, इंदौर–जबलपुर में भी सर्दी बढ़ेगी, जबकि पचमढ़ी–अमरकंटक सबसे ठंडे रहेंगे। मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि प्रदेश में पिछले 3 दिन से ठंड का असर ज्यादा बढ़ा है। इसकी वजह उत्तर–पूर्वी हवाओं का असर कम होना है। वहीं, पहाड़ों में जेट स्ट्रीम हवाओं का चलना है। ये हवाएं प्रदेश के उत्तरी हिस्से में भी आ रही है। इस वजह से शुक्रवार से मौसम में बदलाव देखने को मिला है, जो अगले कुछ दिन और बना रहेगा। उन्होंने बताया कि हवा का रुख जब उत्तर–पश्चिमी हो जाएगा और पहाड़ों पर बर्फबारी होगी, तब तापमान में और गिरावट होगी।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री नल जल योजना के तहत आगरमालवा जिले के बड़ागांव में एक करोड़ तीस लाख की लागत से ढाई लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी का निर्माण किया जायेगा । इससे गर्मी के दिनों में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना

नहीं करना पड़ेगा।

- ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने शिवपुरी जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर जरुरी निर्देश दिये।
- जबलपुर में नर्मदा किनारे कार्तिक पूर्णिमा पर हर साल आयोजित होने वाली पंच–कोसी परिक्रमा यात्रा आज सुबह समाप्त हुई। इस यात्रा में जबलपुर के साथ ही नरसिंहपुर, कटनी, डिंडोरी, मंडला सहित आसपास के श्रद्दालु शामिल हुए।

नमस्कार